तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

## महतारी वंदन योजना की राशि से चंदा बना रही तुपकी



बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराएं केवल उत्सवों तक सीमित नहीं हैं बल्कि यहां के लोगों की आजीविका और आत्मनिर्भरता से भी गहराई से जुड़ी हुई हैं। बस्तर के पारंपरिक गोंचा पर्व की तैयारियां इन दिनों पूरे उत्साह के साथ चल रही हैं। इसी क्रम में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है जगदलपुर विकासखंड के ग्राम मांझीगुडा निवासी चंदा ने जिन्होंने महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का सदुपयोग करते हुए पारंपरिक तुपकी के निर्माण का कार्य में उपयोग किया है। चंदा अपने पति चिगडू और परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर साल में एक बार आयोजित होने वाले गोंचा पर्व के लिए तुपकी तैयार कर रही हैं। गोंचा पर्व के दौरान इन तुपकियों की अच्छी मांग रहती है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त होती है और परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिलती है। गोंचा पर्व में जब भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकलती है, तब श्रद्धालु इसी तुपकी से ध्वनि कर रथ को पारंपरिक सलामी देते हैं। चंदा बताती हैं कि महतारी वंदन योजना से हर माह मिलने वाली राशि ने उन्हें आर्थिक आत्मविश्वास दिया है। इसी सहायता से तुपकी निर्माण के लिए आवश्यक बांस और अन्य सामग्री खरीदी। अब पूरा परिवार मिलकर तुपकी तैयार कर रहा है, जिससे गोंचा पर्व के दौरान अच्छी आमदनी होने की उम्मीद है।

- **गोंचा पर्व में तुपकी निर्माण के लिए बांस और अन्य सामग्री खरीदी**

## खबर संक्षेप



### महाप्रभु जगन्नाथ के दर्शन के लिए स्पेशल ट्रेन से पुरी रवाना हुए श्रद्धालु

**जगदलपुर।** भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा चलाई जा रही जगदलपुर-पुरी स्पेशल ट्रेन बुधवार सुबह 6:45 बजे पुरी के लिए रवाना हुई। हर वर्ष की तरह इस बार भी रथयात्रा के दौरान दो फेरे के लिए विशेष ट्रेन की व्यवस्था की गई है लेकिन 12 कोच वाली इस ट्रेन में अपेक्षित भीड़ नहीं दिखी। इन कोचों में बमुश्किल दो दर्जन के करीब यात्री प्रभु जगन्नाथ के उद्घोष के साथ यात्रा करते नजर आए। स्टेशन परिसर को सजाने के साथ अतिरिक्त रेलवे कर्मचारी, आरपीएफ और जीआरपी के जवान तैनात किए गए थे। स्पेशल ट्रेन के रवानगी के दौरान मौजूद आरपीएफ निरीक्षक प्रवीण कुमार व टीम ने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि अपने सामान का विशेष ध्यान रखें, किसी भी लावारिस वस्तु को हाथ न लगाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल आरपीएफ या रेलवे अधिकारियों को दें।

### 12 दिनों से बंद पड़ा सोलर पंप पानी के लिए भटक रहे ग्रामीण

**भोपालपटनम।** जनपद पंचायत भोपालपटनम की अंगमपल्ली ग्राम पंचायत के आश्रित गांव पेकोत्तागुड़ा में पिछले 10-12 दिनों से सोलर पंप खराब होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक पंप की मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे लोगों को शेष पेज 12 पर



## गोंचा महापर्व में हुआ नेत्रोत्सव पूजा विधान

**नेत्रोत्सव विधान में शामिल हुए महाराजा कमलचंद्र भंजदेव**

### भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा, बलभद्र स्वामी के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर के ऐतिहासिक गोंचा महापर्व के दौरान 15 दिनों के अनसर काल के बाद बुधवार को नेत्रोत्सव मनाया गया। उसके बाद रियासतकालीन श्रीजगन्नाथ मंदिर में शताब्दियों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए भगवान श्रीजगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी के विग्रहों को मंदिर के गर्भगृह के बाहर भक्तों के दर्शनार्थ स्थापित किया गया। परंपरानुसार 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के उमाशंकर पाढ़ी एवं राधाकांत पानीग्राही ने नेत्रोत्सव पूजा विधान संपन्न करवाया। विधान संपन्न करवाने वाले पंडित सुधांशु पाढ़ी एवं प्रदीप पाढ़ी ने योगदान दिया। इसके साथ ही बस्तर गोंचा महापर्व की विविध पूजा विधान परंपरानुसार संपन्न किए जाएंगे। इस बार नेत्रोत्सव में महाराजा कमलचंद्र भंजदेव जगन्नाथ मंदिर में शामिल हुए। समाज के राधाकांत पानीग्राही ने बताया कि यह परंपरा पीढ़ियों से उनके परिवार द्वारा निभाई जा रही है। नेत्रोत्सव के दौरान भगवान के विग्रहों का विशेष श्रृंगार, पूजन, हवन एवं वैदिक शेष पेज 12 पर




## डीएपी के नाम पर अन्य उर्वरक अधिक दर पर बेचने पर थाने में एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

किसानों के हितों की रक्षा और गुणवत्तापूर्ण कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग ने उर्वरक नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने दो मामलों में एफआईआर दर्ज कराते एक कृषि केंद्र का उर्वरक प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिया है। कृषकों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर जांच में दन्तेश्वरी कृषि केन्द्र कुम्हरावण्ड द्वारा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया। इसके चलते फर्म का उर्वरक प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिया गया है। वहीं संचालक के विरुद्ध पुलिस थाना बोधघाट में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एक अन्य मामले में 8 जुलाई 2026 को किसानों से प्राप्त शिकायत के आधार पर जांच में पाया गया कि बिना वैध उर्वरक प्राधिकार पत्र के डीएपी के नाम पर अन्य उर्वरक का निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर विक्रय किया जा रहा था। इस मामले में मनोज कुमार बेदरकर एवं जीवन जंघेल के विरुद्ध पुलिस थाना बोधघाट में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

- **दंतेश्वरी कृषि केन्द्र कुम्हरावण्ड का उर्वरक प्राधिकार पत्र निरस्त**



फाइल फोटो

**अनियमितता की सूचना तत्काल दें**

*कृषि विभाग ने कृषकों से अपील की है कि यदि कोई विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक बेचता है। संदेहास्पद गुणवत्ता का उर्वरक, बीज या कीटनाशक उपलब्ध कराता है अथवा किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है, तो इसकी सूचना तत्काल कृषि विभाग को दें ताकि दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।*



## पुलिस ने कोचिंग सेंटर में चलाया नशामुक्ति जागरुकता अभियान

**जगदलपुर।** नशे के दुष्प्रभाव से बचाने चलाए जा रहे नशामुक्ति जागरुकता अभियान के तहत बुधवार को स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव व नशे से बचने जानकारी दी गई। पुलिस रोटरी क्लब के सहयोग से ब्रेन बीट कोचिंग सेंटर जगदलपुर मे 8 वीं से 12 वीं तक के बच्चों के मध्य नशामुक्ति के सम्बन्ध मे जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत स्कूली बच्चों को नशा मुक्ति, नशा के दुष्प्रभाव, नशा का व्यापार करने वालों पर कार्रवाई की जानकारी साझा की गई। बताया गया कि नशे के खिलाफ तथा नशामुक्ति की सूचना के लिए जारी मानस हेल्प लाइन नम्बर 1933 व टोल फ्री न 14446 के बारे में तथा नशामुक्ति के सम्बन्ध मे शपथ लेने सभी बच्चों मे लिंक शेयर किया गया। उ कार्यक्रम में ब्रम्हकुमारी संस्थान की सुश्री मंजूषा दीदी, डीएसपी सुशांता लकड़ा, टीआई कोतवाली लीलाधर शेष पेज 12 पर

## अधूरे सड़क निर्माण को लेकर चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

बस्तरिया राज मोर्चा अंचल समिति कोर्रा के बैनर तले बुधवार को कोर्रा मारोकी अधूरी सड़क का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने तथा क्षेत्र की अन्य जनसमस्याओं को लेकर कोर्रा में चक्का जाम किया गया। आंदोलन का नेतृत्व अंचल समिति के अध्यक्ष देवा सोड़ी एवं सचिव शैलेंद्र कश्यप ने किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए तत्काल कार्य पूर्ण कराने की मांग की। प्रदर्शन के कारण कुछ समय तक आवागमन प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर कार्यपालन अभियंता रवि ताती एवं तहसीलदार गादीरास मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आंदोलनकारियों से चर्चा कर 15 दिनों के भीतर शेष पेज 12 पर

- **15 दिन के आश्वासन पर बस्तरिया राज मोर्चा का आंदोलन वापस**






## खबर संक्षेप



### आज भगवान जगन्नाथ, बलभद्र सुभद्रा की निकलेगी रथयात्रा

**केशकाल**। आजादी के बाद से निकल रही भव्य कलश यात्रा इस वर्ष भी 16जुलाई को दोपहर 1 बजे जगन्नाथ मंदिर सुरडोंगर से निकलकर विश्रामपूरी चौक से होते हुए बस स्टैंड,बोरगांव होते हुए वापस ब्लाक कालोनी के शिव मंदिर में 11 दिवस विश्राम के लिए पहुंचेगी। रथयात्रा आयोजन के प्रमुख बलराम गौर ने बताया कि जगदलपुर के बाद केशकाल में विशाल रथ यात्रा का आयोजन होता है। रथयात्रा में ग्रामवासी, नागरिक गण, तुलसी मानस प्रतिष्ठान,सीता राम मानस संगठन, विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल और सनातन धर्म विकास परिषद केशकाल आदि शामिल होंगे। साथ ही गुरुवार से ही प्रतिदिन मानसगान का आयोजन शिव मंदिर ब्लॉक कालोनी में संध्याकालीन रखा जाएगा ।

### विधानसभा में गूंजा बड़ेडोंगर कोनगुड मार्ग का मुद्दा

**फरसगांव**। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने विधानसभा के मॉनसून सत्र में फरसगगांव ब्लाक के बड़ेडोंगर-कोनगुड मार्ग की जर्जर स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि सड़क लंबे समय से खराब हालत में है। कई बार प्रस्ताव व पत्र भेजने के बावजूद नवीनीकरण का कार्य शुरू नहीं हो सका है। मामले पर पंचायत एवं



ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने सदन में आश्वासन दिया कि सड़क की तत्काल जांच कराई जाएगी तथा जल्द ही इसके नवीनीकरण की स्वीकृति देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विधायक टेकाम ने कहा कि इस मार्ग से प्रतिदिन नारायणपुर क्षेत्र से लौह अयस्क लेकर निकलने वाले भारी मालवाहक वाहनों का आवागमन होता है। लगातार भारी वाहनों के दबाव से सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई है, जिससे लगभग 200 से अधिक गांवों के लोगों को आवागमन में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत के लिए कई बार विभाग और ईएनसी से भी चर्चा की गई, लेकिन अब तक स्वीकृति नहीं मिल पाई। विधायक द्वारा विधानसभा में यह मुद्दा उठाए जाने के बाद क्षेत्रवासियों में सड़क के जल्द नवीनीकरण की उम्मीद जगी है।

### भर्तीः पात्र अभ्यर्थियों की वरीयता सूची की गई जारी

**कोण्डागांव**। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर में रिक्त संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत पात्र अभ्यर्थियों की वरीयता सूची जारी कर दी गई है। भर्ती के लिए 16 जुलाई को वॉक–इन–इंटरव्यू एवं दस्तावेज सत्यापन आयोजित किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत केस वर्कर, पैरा लीगल कार्मिक, पैरा मेडिकल कार्मिक एवं सुरक्षा गार्ड के रिक्त पदों पर चयन किया जाएगा। विभाग ने बताया कि वरीयता सूची अंतिम चयन सूची नहीं है।वॉक–इन–इंटरव्यू एवं मूल दस्तावेजों का सत्यापन 16 जुलाई को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय परिसर स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कक्ष क्रमांक–117 में आयोजित किया जाएगा।

**समक्ष श्रीमान अनुविभागिय अधिकारी (र.) नारायणपुर जिला नारायणपुर नाम परिवर्तन हेतु शपथ-पत्र**

मैं रामधर वड्डे RAMDHER WADDEY पिता श्री दुलार DULAR उम्र- 39 वर्ष, निवासी- चिपरेल पोस्ट देवगांव तहसील व जिला नारायणपुर राज्य छ.ग. 494661 का हूं। शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि-

1. यह कि मैं ग्राम-चिपरेल पोस्ट देवगांव तहसील व जिला नारायणपुर राज्य छ.ग.494661 का निवासी हूं।
2. यह कि मेरा नाम रामधर वड्डे RAMDHER WADDEY है। एवं मेरे पिता का नाम दुलार DULAR है। जो सत्य व सही है। जो मेरे नाम से दिनांक 02/07/2026 को जारी जन्म प्रमाण पत्र एवं मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में अंकित है ।
3. यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड क्रमांक 952707784713 जारी हुआ है। जिसमें मेरा नाम रामधर वड्डे RAMDHAR WADDE एवं मेरे पिता का नाम दुलार वड्डे DULAR WADDE लिखा गया है। जिसे मैं सुधरवाकर मेरा नाम रामधर वड्डे RAMDHER WADDEY एवं मेरे पिता का नाम दुलार DULAR लिखवाना चाहता हूं।
4. यह कि यह शपथ पत्र मेरे परिचय पत्र आधार कार्ड, अंकसूची एवं सभी शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों अन्य अभिलेखों में मेरा नाम रामधर वड्डे RAMDHER WADDEY एवं मेरे पिता का नाम दुलार DULAR अंकित किये जाने बाबत शासकीय गजट में नाम परिवर्तन करने हेतु प्रकाशन किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

शपथकर्ता- रामधर वड्डे

सत्यापन-

मैं रामधर वड्डे RAMDHER WADDEY पिता श्री दुलार DULAR उम्र-39 वर्ष, निवासी- चिपरेल पोस्ट देवगांव तहसील व जिला नारायणपुर राज्य छ.ग. 494661 शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र बयान की कुल कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक दी गई समस्त जानकारी मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है । अतः आज दिनांक 15/07/2026 को स्थान नारायणपुर में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूं ।

शपथकर्ता- रामधर वड्डे

# एचपीवी टीकाकरण में तेजी लाएं, योजनाओं का करें प्रभावी क्रियान्वयनः नुपूर राशि

## कलेक्टर ने की विभागीय योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, श्रम तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, रिक्त पदों पर भर्ती तथा कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने एनआरसी से लौटने वाले बच्चों की नियमित निगरानी और परिवारों को पोषण संबंधी मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए।



### सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की भी हुई समीक्षा

समाज कल्याण विभाग को सभी पात्र हितग्राहियों तक सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का नियमित लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, श्रम तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों, बेहतर परीक्षा परिणाम, अपार आईडी, न्यौता भोज, जाति प्रमाण पत्र, पीएम श्री स्कूल तथा बालिका शिक्षा से जुड़े कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। श्रम विभाग को सभी शासकीय परियोजनाओं में कार्यरत श्रमिकों का शत–प्रतिशत पंजीयन कराने, दीदी ई–रिक्शा योजना एवं नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने मलेरिया सहित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, समय पर उपचार और आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने एचपीवी टीकाकरण अभियान में तेजी लाने तथा अभिभावकों को जागरूक कर पात्र बालिकाओं का शत–प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश दिए।

### ओडिशा से रायपुर ले जाया जा रहा गांजा केशकाल में जब्त

# कार से 51 लाख से अधिक का गांजा बरामद, एक आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

ओडिशा से रायपुर कार से ले जाई जा रही गांजे की खेप को पुलिस ने पकड़ लिया है। कार से पुलिस ने 1 क्विंटल से अधिक गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे का बाजार मूल्य लगभग 31 लाख रुपए बताया जा रहा है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस कपिल चन्द्रा के मार्गदर्शन एंव पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में पुलिस द्वारा लगातार अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों पर कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को अपरान्ह 3.30 बजे मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली की एक सफेद रंग की हुंडई वरना कार क्रमांक यूपी 19 एक्स 8771 में अवैध मादक पदार्थ गांजा छिपा कर ओडिशा से रायपुर की ओर जगदलपुर केशकाल के रास्ते से जाने वाले है। उपरोक्त सूचना के आधार पर केशकाल घाटी मोड़ क्रमांक 09 के पास नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहन के आने का इंतजार किया। मुखबिर के बताये अनुसार सफेद रंग का हुंडई वरना कार क्रमांक यूपी 19 एक्स 8771 आते दिखायी दी। कार को रोका गया। कार की ड्रायवर सीट पर मोहित शर्मा पिता धर्मवीर सिंह शर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी कासिमपुर खेड़ी तहसील बडौत थाना रमाला जिला बागपत उत्तरप्रदेश बैठा हुआ था। कार की तलाशी लेने पर कार डिक्की के अंदर भरकर रखा हुआ भूरे रंग के सेलोटेप से पैक किया हुआ 20 पैकेट संदिग्ध मादक पदार्थ गांजा जिसका कुल वजन 102.060 किलोग्राम था पाया गया। आरोपी द्वारा गांजा जैसा मादक पदार्थ परिवहन करना पाया गया। आरोपी मोहित शर्मा पिता धर्मवीर सिंह शर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी कासिमपुर खेड़ी तहसील बडौत थाना रमाला जिला बागपत उत्तरप्रदेश को विधिवत गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार से बरामद गांजे का बाजार मूल्य 51 लाख 3 हजार, गाड़ी का मूल्य करीब 10 लाख व आरोपी से नकद 12 सौ रुपए कुल 61 लाख 03 हजार बरामद किया गया ।

■ मामले में पुलिस ने 61 लाख से अधिक का सामान पकड़ा



### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

कार्रवाई में उपनिरीक्षक गुलाब सिंह टण्डन, सहायक उपनिरीक्षक हेमन्त देवांगन, सउनि, रामकृष्ण जैन, प्रआर, राकेश जुरी, आर मनोहर निषाद, धर्मेन्द्र नेगी, जितेन्द्र माहला, लिलेश्वर ध्रुव, अमित मण्डावी, अजय बघेल, रामुराम नेताम, कैलाश मरकाम, जीएस. कुलदीप एवं साइबर सेल कोंडागांव की अहम भूमिका रही।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी पर केस दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने और बाद में इनकार करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है । पुलिस के अनुसार ग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली युवती की शिकायत पर आरोपी प्रियांशु मण्डावी निवासी मसोरा थाना कोंडागांव के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 एवं 89 के तहत अपराध क्रमांक 83/2026 दर्ज किया गया है। शिकायत में युवती ने बताया कि वर्ष 2025 में मोबाइल फोन के माध्यम से उसकी आरोपी से पहचान हुई। बातचीत के दौरान आरोपी ने शादी का वादा किया और 20 जून 2025 को भानपुरी जंगल में ले जाकर कथित रूप से शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद भी शादी का भरोसा देकर कई बार संबंध बनाए गए। पीड़िता का आरोप है कि वह गर्भवती हो गई, लेकिन आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने गर्भपात के लिए दवाइयां भी दीं, जिन्हें उसने नहीं खाया। इसके बाद उसने फरसगांव थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर विवेचना करते हुए आरोपी के गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा है और उसके खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

### सीजीपीएससी एसआई प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण हुई संपन्न

**कोण्डागांव**। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा जिले के चार परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। जिले में कुल 1057 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 974 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 83 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया गया। शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय 250 में से 235 उपस्थित, 15 अनुपस्थित। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 250 में से 229 उपस्थित, 21 अनुपस्थित। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, तहसीलपारा 257 में से 234 उपस्थित, 23 अनुपस्थित। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, जामकोटपारा 300 में से 276 उपस्थित, 24 अनुपस्थित। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में परीक्षा के लिए व्यापक प्रशासनिक तैयारियां की गईं। डिप्टी कलेक्टर अश्वन कुमार पुसाम को नोडल अधिकारी तथा शशिभूषण कन्नौजे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया था।

विद्यालय परिसर को विकसित किया जाएगा हरित उद्यान के रूप में

## एनएसएस इकाई के पौधारोपण अभियान से शामपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में हरियाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ, हरित परिसर के निर्माण के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा विद्यालय परिसर में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर विद्यालय परिसर को एक सुंदर हरित उद्यान के रूप में विकसित करने की पहल की गई। पौधरोपण अभियान में एनएसएस स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परिसर के विभिन्न स्थानों पर छायादार, फलदार एवं सजावटी पौधे लगाए गए। साथ ही इन पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया, ताकि आने वाले वर्षोंर् में विद्यालय परिसर हरा–भरा और पर्यावरण अनुकूल बन सके। विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार विश्वास एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री सहदेव सिदार के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय परिसर में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने से विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण और शुद्ध ऑक्सीजन उपलब्ध होगी। साथ ही प्राकृतिक वातावरण में अध्ययन करने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

■ फलदार, फूलदार और छायादार पौधों का रोपण




### शिक्षकों ने भी निभाई सक्रिय भूमिका

पौधरोपण कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। सभी ने विद्यार्थियों से भी अपने घरों एवं आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### मोटराइज्ड ट्राइसिकल से दिव्यांग चक्रधारी को मिली नई राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासन की दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं के तहत पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



विकासखंड कोण्डागांव के ग्राम मसोरा निवासी मेहत्तर चक्रधारी 70 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग को शासन की योजना के तहत मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने से अब उनके लिए दैनिक कार्यों, सामाजिक गतिविधियों और अन्य आवश्यक स्थानों तक पहुंचना पहले की तुलना में अधिक आसान हो गया है। यह सहायक उपकरण मेहत्तर चक्रधारी के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उन्हें अधिक आत्मनिर्भर जीवन जीने में मदद करेगा। मेहत्तर चक्रधारी ने मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने के लिए शासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सुविधा से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और अब वे अपने आवश्यक कार्य आसानी से कर सकेंगे।

## शत-प्रतिशत एग्रीस्टैक पंजीयन और लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरणः नुपूर

**कोण्डागांव**। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न राजस्व कार्यों एवं एग्रीस्टैक पंजीयन की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरण, विवादित एवं अविवादित नामांतरण, डिजिटल हस्ताक्षर और अधिकार अभिलेख वितरण सहित विभिन्न राजस्व कार्यों की तहसीलवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी लंबित मामलों का समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग को जिले के सभी पात्र किसानों का शत–प्रतिशत एग्रीस्टैक पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े किसानों का पंजीयन शीघ्र पूरा कर उन्हें समय पर योजना का लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव–गांव में शिविर आयोजित कर एग्रीस्टैक पंजीयन अभियान में तेजी लाई जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान योजना के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, संयुक्त कलेक्टर वहीदुर्रहमान, एसडीएम केशकाल सुश्री आकांक्षा नायक सहित राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

■ कलेक्टर ने राजस्व एवं कृषि विभाग की समीक्षा बैठक ली



### पेज 11 के शेष

#### गोंचा महापर्व में....

मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। अनसर काल के पश्चात भगवान को खिचड़ी का विशेष भोग अर्पित किया गया, जिसे श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। रथारूढ़ कर श्रीगोंचा पूजा विधान होगा आज : राधाकांत पानीग्राही ने बताया कि 16 जुलाई को बस्तर गोंचा महापर्व में भगवान श्रीजगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी के 22 विग्रहों को रथारूढ़ कर श्रीगोंचा पूजा विधान संपन्न करवाया जाएगा।

#### 12 दिनों से बंद ....

दूर-दराज के जलस्रोतों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गांव का सोलर पंप लगभग 10-12 दिनों से बंद पड़ा है। इसकी जानकारी संबंधित विभाग को दी गई, लेकिन अब तक मरम्मत के लिए कोई तकनीकी दल नहीं पहुंचा। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी यह पंप लंबे समय तक खराब रहा था। क्रेडा विभाग के अधिकारी संदीप बंजारे ने इस मामले में कहा कि पहले हम जांच करवाएंगे कि हमारे विभाग की है या दूसरे विभाग की। सरपंच से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि क्रेडा विभाग द्वारा लगवाया गया है।

#### पुलिस ने कोचिंग सेंटर ...

राठौर, निरीक्षक माधुरी नायक, प्रभारी नारकोटिक्स सेल श्रीनिवास वर्मा, टास्क फोर्स समाज कल्याण के सुचिता लकड़ा, स्वास्थ्य विभाग से हनी गोटलिब, शिक्षा विभाग से कमलेश, महिला बाल विकास से शैलेन्द्र श्रीवास्तव तथा रोटरी क्लब से अमन व अक्षय मोदी तथा कोचिंग सेंटर के संचालक श्री झा उपस्थित रहे।

#### अधूरे सड़क निर्माण...

सड़क को दुरुस्त करने और कार्य में तेजी लाने का आश्वासन दिया। अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया। आंदोलन में मूया सोड़ी, बीड़ा माड़वी, देवेंद्र मंडावी, शविंद मरकाम, सोनिया मरकाम, सुकड़ी सोड़ी, पोज्जा सोड़ी, भीमा कुंजाम, संतोष वेट्टी, रामलाल कश्यप, देवा पटेल, रामा सोड़ी, मनीष कुंजाम, राजू नाग सहित मारोकी, मानकापाल, चिंगावरम, डोडपाल, कोर्रा एवं आसपास की ग्राम पंचायतों के पटेल, सरपंच, पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज को मिली एनएमसी की स्वीकृति



**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने दंतेवाड़ा शासकीय मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026–27 प्रारंभ करने की स्वीकृति मिलना पूरे बस्तर संभाग के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। विधायक चैतराम अटामी ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया है।
विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प तथा डबल इंजन की सरकार की विकासोन्मुखी सोच का परिणाम है, कि आज बस्तर जैसे दूरस्थ एवं आदिवासी अंचल में मेडिकल कॉलेज की सौगात साकार हुई है।

### कन्या शिक्षा परिसर के छात्राओं को लगा एचपीवी टीका



**भोंड।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में अध्ययनरत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को गर्भाशय ग्रीवा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। खंड चिकित्सा अधिकारी बस्तर के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सकों एवं नर्सों की टीम विद्यालय पहुंची और निर्धारित आयु वर्ग की छात्राओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया। इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने छात्राओं को एचपीवी संक्रमण, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव, टीकाकरण के महत्व तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों की भी जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन एवं शाला परिवार ने इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता एवं टीकाकरण अभियान से छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

### सीएमएचओ ने रथ को दिखाई हरी झंडी



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के अंतर्गत 18 जुलाई तक व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा छोटा परिवार, स्वस्थ परिवार की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न विकासखंडों में भ्रमण कर परिवार नियोजन के साधनों, उनके लाभ एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में आमजन को जागरूक करेगा।

### कांग्रेस ने नक्सलवाद पर उजागर किया अपना असली चेहरा

**दंतेवाड़ा।** कोटा से कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा माओवादी कमांडर हिड़मा को अपना रोल मॉडल बताए जाने के बयान पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं छत्तीसगढ़ के मीडिया पैनेलिस्ट रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस बयान को बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में शहीद हुए सुरक्षाबलों, निर्दोष आदिवासियों और उनके परिजनों का घोर अपमान बताया है। रामू नेताम ने कहा कि हिड़मा बस्तर के इतिहास का एक काला अध्याय है, जिसने वर्षों तक हिंसा और आतंक का वातावरण बनाया।



हादसों का खतरा बरकरार, सैकड़ों गोवंश की हो रही मौत

# उच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद सड़कों से नहीं हटे मवेशी

लीलाधर राठी ▸▸ सुकमा





उच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद स्थानीय प्रशासन पर कोई असर दिखता नजर नहीं आ रहा है। शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा बना हुआ है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और व्यस्त मार्गों पर बैठे मवेशियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान की

- जमीनी स्तर पर कार्यवाही नहीं, मवेशी और लोगों की मौत पर कोर्ट गंभीर

दिशा में कोई प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। गौरतलब है कि छग उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार एवं सभी नगरीय निकायों को सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा मवेशियों को हटाने, उनके उचित संरक्षण की व्यवस्था करने तथा सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना स्थानीय प्रशासन और नगरीय निकायों की जिम्मेदारी है। बावजूद नगर की मुख्य सड़कें, बस स्टैंड, अस्पताल मार्ग, कलेक्टोरेट सहित कई स्थानों पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है। रात के समय इनकी संख्या बढ़ने से दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दोपहिया वाहन चालक मवेशियों को बचाने के प्रयास में घायल हो चुके हैं। नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका समय-समय पर अभियान चलाने के दावे करता हैं लेकिन उनका असर जमीनी स्तर पर नजर नहीं आता।

अलग खबर

यदि उच्च न्यायालय के निर्देशों का गंभीरता से पालन किया जाए तो इस समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। शहरवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप विशेष अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाया जाए। गौशाला की व्यवस्था मजबूत की जाए तथा पशु मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क हादसों पर प्रभावी रोक लग सके। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सड़कों पर बैठे मवेशियों को नहीं हटाने और हो रहे हादसों पर सख्त रुख अख्तियार किया था। हादसों में हुए कई मवेशियों और लोगों की मौत को कोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए कहा कि पूरे मामले की जांच कराकर ये बताएं कि इसका जिम्मेदार कौन है।

### मवेशियों की मौत और सड़क हादसों पर कोर्ट सख्त

दरअसल एक याचिकाकर्ता के वकील ने मवेशियों की मौत के आंकड़े सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के सामने रखा था। राष्ट्रीय राजमार्गों पर कई ऐसे स्थान हैं जहां पर मवेशियों के कारण सबसे ज्यादा हादसे होते हैं। सुनवाई में प्रदेश के नगर पालिका, निगम आयुक्तों और ग्राम पंचायतों को कड़े निर्देश कोर्ट ने दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि सड़कों और राजमार्गों में आने वाले पशुओं को रोकें और संभावित दुर्घटना रोकने सख्त कदम उठाएं जाएं

### कोंटा की घटना ने व्यवस्था पर खड़े किये प्रश्न चिह्न

10 जुलाई को कोंटा ब्लॉक के डोंडरा में वाहन की चपेट में आने से 15 गायों की मौत हो गई। घटना स्थल पर गायों व बछड़ों के शव मन को द्रवित करने जैसा था। संभवतः सुकमा जिले की अब तक की सबसे बड़ी घटना है जिसने नागरिकों को झकझोर दिया है। हालांकि राहत की बात यह भी रही कि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खूनी ट्रक को अपने गिरफ्त में लेकर कार्रवाई कर दी।

### तोंगपाल से कोंटा तक मवेशियों का जमावड़ा

एनएच 30 की बात करें तो सबसे ज्यादा मवेशी तोंगपाल से कोंटा के मध्य है। सुकमा शहर जहां आलाधिकारियों के अलावा नगरपालिका का क्षेत्र है वहाँ भी मवेशी रात और दिन में भी मुख्य मार्ग में विचरण करते नजर आते है। नगरपालिका हो हल्ला होने पर जरूर दिखावटी कार्रवाई करती है। लेकिन स्थाई समाधान को लेकर कोई योजना नहीं है।

### बहुत जल्द लेंगे एक्शनः सीएमओ

इस मामले में सुकमा नगरपालिका के सीएमओ विनीत साह ने कहा कि इस पर जल्द एक्शन लेने की योजना बना रहे है। कलेक्टर ने भी इस संबंध में निर्देश है।

## मेटापाल-2 में योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

नव पदस्थ जिला पंचायत सीईओ एम. भार्गव ने ग्राम पंचायत मेटापाल 2 में आयोजित बस्तर मुन्ने शिविर का निरीक्षण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया, ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा सेवा वितरण व्यवस्था की समीक्षा की।

सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि बस्तर मुन्ने शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने आधार कार्ड निर्माण एवं संशोधन, आयुष्मान कार्ड पंजीयन, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), जाति प्रमाण पत्र तथा महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न सेवाओं में तेजी लाने और पात्र हितग्राहियों को बिना विलंब लाभ पहुंचाने को कहा।

निरीक्षण के दौरान पाया कि कौशल विकास विभाग द्वारा हितग्राहियों के लिए आवश्यक आवेदन प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराए गए थे। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सभी आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा शिविर में मतदाता सूची उपलब्ध नहीं रखने पर भी उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए आवश्यक दस्तावेज तत्काल उपलब्ध कराने तथा निर्वाचन संबंधी सेवाएं सुचारू रूप से प्रदान करने के निर्देश दिए।

## नक्सल मुक्त बस्तर से अब योग युक्त बस्तर की ओर बढ़ते कदम




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बीजापुर के एक दिवसीय प्रवास के दौरान आश्रम

- योग आयोग के अध्यक्ष ने ली समीक्षा बैठक एवं प्रेसवार्ता

एवं छात्रावासों के लिए नियुक्त योग प्रशिक्षकों की समीक्षा बैठक लेकर योग को जन-जन तक पहुंचाने की कार्ययोजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बस्तर में योग को जनआंदोलन का स्वरूप देकर प्रत्येक व्यक्ति तक इसके लाभ पहुंचाना आयोग की प्राथमिकता है। सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में अग्रवाल ने कहा कि नक्सल मुक्त बस्तर अब योग युक्त बस्तर बनेगा। उन्होंने बताया कि बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों के साथ-साथ गर्भवती माताओं को भी प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के माध्यम से नियमित योगाभ्यास कराया जाएगा। योग न केवल स्वस्थ एवं निरोग जीवन का आधार है, बल्कि गर्भवती महिलाओं के लिए सामान्य प्रसव में भी सहायक सिद्ध होता है।

वर्तमान शिक्षा सत्र से विद्यालयों में योग को अधिक प्रभावी ढंग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता और स्वस्थ जीवनशैली का विकास हो सके। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में योग वाटिकाओं का निर्माण कर प्रत्येक नागरिक को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया जाएगा।

अग्रवाल ने कहा कि बस्तर संभाग को प्राथमिकता देते हुए योग आयोग व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाएगा, जिससे योग को लोगों की दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाया जा सके और स्वस्थ, निरोग एवं सकारात्मक समाज का निर्माण हो। इस अवसर पर डॉ मनोज पाणिग्रही राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति, राम मणि शुक्ल जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति रायपुर, ईला हरि राव राज्य कार्यकारी भारत स्वाभिमान न्यास रायपुर प्रभारी जिला आयुष अधिकारी डॉ राकेश ठाकुर एवं अन्य अतिथिगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## बीआरसी ने बच्चों को पढ़ने, बोलने और सीखने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोंड

बीआरसी बस्तर अजंबर कोर्राम ने संकुल चामिया के प्राशा पटेलपारा भरनी एवं माशा चमिया का निरीक्षण कर विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया। प्राथमिक शाला पटेलपारा भरनी में प्रार्थना सभा के दौरान बीआरसी ने विद्यार्थियों से संवाद किया और बोलेगा बचपन गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को आत्मविश्वास के साथ मंच पर आकर कविता, कहानी, अंग्रेजी पोएम तथा पहाड़े सुनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से प्रार्थना सभा में प्रस्तुति देने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है, भाषा कौशल विकसित होता है तथा व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। इसके पश्चात बीआरसी ने संकुल चामिया स्थित माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। कक्षाओं में चल रहे अध्यापन कार्य का अवलोकन किया गया तथा विद्यार्थियों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली गई। उन्होंने विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि विकसित करने के लिए प्रतिदिन अंग्रेजी की पुस्तक पढ़ने, नए शब्द सीखने तथा सही उच्चारण के साथ पढ़ने का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पर विशेष ध्यान देने, बच्चों की नियमित शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन करने तथा प्रत्येक विद्यार्थी की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

125 दिन के रोजगार और 300 रुपये प्रतिदिन मजदूरी की गारंटी से ग्रामीणों को मिला संबल

# गांव में रोजगार, घर में खुशहाली

विकसित भारत-गारंटी मिशन (ग्रामीण) से बदल रही सुकमा के गांवों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

जिले में पेवर ब्लॉक सड़क, गाय शेड, बकरी शेड, पंचायत भवन, पीडीएस भवन तथा प्रधानमंत्री आवास निर्माण सहित अनेक विकास कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं। उक्त बाते जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर ने कही।

कभी रोजगार की कमी और पलायन की मजबूरी से जूझने वाले सुकमा जिले के ग्रामीण अब अपने ही गांव में सम्मानजनक आजीविका प्राप्त कर रहे हैं। विकसित



भारत-गारंटी मिशन (ग्रामीण) के तहत 125 दिनों के रोजगार और प्रतिदिन 300 रुपये मजदूरी की व्यवस्था ने ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति को नई मजबूती दी है। इसके साथ ही गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार भी तेजी से हो रहा है, जिससे विकास और रोजगार दोनों को एक साथ गति मिल रही है। जिले की 160 ग्राम पंचायतों में से 134 ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं। 84 प्रतिशत प्रगति के साथ सुकमा इस योजना के क्रियान्वयन में प्रदेश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। निर्माण कार्यों के माध्यम से जहां हजारों ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल रहा है, वहीं गांवों का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है।

ग्राम पंचायत गादीरास के शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में बनाई जा रही इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक सड़क योजना की सफलता का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरी है। यह सड़क न केवल स्थानीय श्रमिकों के लिए रोजगार का माध्यम बनी है, बल्कि विद्यालय आने-जाने वाले विद्यार्थियों के लिए भी बड़ी राहत लेकर आई है।

### राह हुई आसान

विद्यालय के शिक्षक बसंत शर्मा बताते हैं कि पहले बरसात के मौसम में स्कूल परिसर में कीचड़ भर जाने से बच्चों को काफी परेशानी होती थी। उनके जूते और कपड़े गंदे हो जाते थे तथा कई बार बच्चों की उपस्थिति भी प्रभावित होती थी। अब पक्की सड़क बनने से यह समस्या लगभग समाप्त हो गई है और विद्यार्थी सुरक्षित व सुविधाजनक तरीके से विद्यालय पहुंच रहे हैं।

### भविष्य की चिंता हुई खत्म

योजना का सबसे सकारात्मक प्रभाव ग्रामीण परिवारों की आजीविका पर दिखाई दे रहा है। श्रमिक रवि पेद्दी बताते हैं कि पहले सीमित रोजगार मिलने से परिवार का खर्च चलाना कठिन हो जाता था, लेकिन अब 125 दिनों तक रोजगार और बढ़ी हुई मजदूरी मिलने से घरेलू जरूरतें आसानी से पूरी हो रही हैं। इतना ही नहीं, अब भविष्य के लिए कुछ बचत करना भी संभव हो पाया है।

### ग्रामीण क्षेत्रों का होगा समग्र विकास



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर ने बताया कि जिले में पेवर ब्लॉक सड़क, गाय शेड, बकरी शेड, पंचायत भवन, पीडीएस भवन तथा प्रधानमंत्री आवास निर्माण सहित अनेक विकास कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना, आजीविका संवर्धन और आपदा निवारण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## एबीईओ ने किया शालाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बस्तर/भानपुरी

सहायक खंड शिक्षा अधिकारी और संकुल स्त्रोत समन्वयक द्वारा विकासखंड बस्तर ने शासकीय शालाओं का आकस्मिक और सघन निरीक्षण किया। इस दौरान शासकीय प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला बाकेल और प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला कोंगाल्गुड़ा, शासकीय प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला फरसागुड़ा, शासकीय प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला बड़ेपारा तारागांव शाला की व्यवस्थाओं की जांच की गई। सभी संस्थाओं में शिक्षक उपस्थिति व छात्र उपस्थिति पंजी, अवकाश पंजी, डाक पंजी, कैशबुक, स्टॉक पंजी, मध्यान्ह भोजन पंजी, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और गणवेश वितरण पंजी सहित सभी शैक्षणिक और वित्तीय अभिलेखों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। पंजियों के अद्यतन संधारण के लिए मौके पर आवश्यक निर्देश दिए गए।

मध्यान्ह भोजन योजना के तहत भोजन की गुणवत्ता, मीनू के अनुसार दैनिक भोजन निर्माण, खाद्य सामग्री का सुरक्षित भंडारण, रसोइयों की स्वच्छता, बर्तन और रसोईघर की स्थिति का निरीक्षण किया गया। बच्चों को गरम पका भोजन परोसने और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए गए।



निरीक्षण कार्य पूर्ण होने के बाद संकुल केंद्र बाकेल के माध्यमिक शाला बाकेल में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी और ग्राम सरपंच की अध्यक्षता में संकुल समन्वयको की उपस्थिति में समस्त प्रधान पाठकों और पालकों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में समस्त संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि वे अपने विद्यालयों का संचालन नियमितता, अनुशासन और व्यवस्थित तरीके से करना सुनिश्चित करें।

शासन की सभी योजनाओं जैसे मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश वितरण का क्रियान्वयन पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ करने को कहा गया। सभी शिक्षकों को विभागीय नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा और समर्पण के साथ करने के निर्देश दिए गए और स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नक्सलवाद को संरक्षण देने वाली कांग्रेस का असली चेहरा बेनकाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकटेश्वर ने कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव ने दुर्दान्त और खूंखार नक्सली कमाण्डर हिड़मा का महिमामण्डन किए जाने पर कड़ा प्रतिकार किया है। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ की शांति, लोकतंत्र और बस्तर में शहादत देने वाले वीर जवानों व निर्दोष आदिवासियों का घोर अपमान बताया और कांग्रेस विधायक से इस शर्मनाक कृत्य के लिए जनता और शहीदों के परिवारों से बिना शर्त माफी की मांग की है। उपाध्यक्ष ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक और निंदनीय है कि कांग्रेस के एक जिम्मेदार विधायक उस नक्सली हिड़मा की तुलना महान विभूतियों से कर रहे हैं, जो झीरम घाटी हमले, ताड़मेटला और बीजापुर-सुकमा के अनगिनत नक्सली हमलों का मास्टरमाइण्ड रहा है। हिड़मा ने छत्तीसगढ़ की धरती को हमारे वीर जवानों और निर्दोष आदिवासियों के खून से लाल किया है। ऐसे राष्ट्रविरोधी और नरभक्षी का महिमामण्डन करना कांग्रेस की विकृत और नक्सल-समर्थक सोच को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आज जब भाजपा सरकार बस्तर में विकास पहुंचा रही है और नक्सलियों को बैकफुट पर धकेल रही है, तब कांग्रेस नेताओं की यह छटपटाहट और नक्सलियों के प्रति हमदर्दी शर्मनाक रूप से सामने आ रही है।



## हिड़मा को रोल मॉडल बताकर कांग्रेस ने अपने ही शहीद नेताओं के बलिदान का किया अपमान : वनमंत्री केदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस नेता अटल श्रीवास्तव द्वारा कुख्यात नक्सली हिड़मा को रोल मॉडल बताए जाने वाले बयान की निंदा करते हुए कहा कि यह केवल एक गैर-जिम्मेदाराना बयान नहीं, बल्कि झीरम घाटी में शहीद हुए कांग्रेस के अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं सुरक्षा बलों के जवानों और सभी शहीदों के बलिदान का अपमान है।

- झीरम के गुनहगार का महिमामंडन, जनता से मांगे माफी

श्री कश्यप ने कहा कि जिस हिड़मा का नाम वर्षों से बस्तर में नक्सली हिंसा, निर्दोष आदिवासियों की हत्या, सुरक्षा बलों पर कायराना हमलों और विकास कार्यों को बाधित करने जैसी घटनाओं से जुड़ा रहा है, आज उसी व्यक्ति को कांग्रेस का नेता रोल मॉडल बता रहा है। इससे कांग्रेस की नक्सलवाद के प्रति सोच और उसका दोहरा चरित्र उजागर हो गया है। उन्होंने कहा कि 25 मई 2013 के झीरम घाटी नरसंहार को देश कभी नहीं भूल सकता। इस नृशंस हमले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, वरिष्ठ नेता महेंद्र कर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, उदय मुदलियार सहित कांग्रेस के अनेक नेताओं, कार्यकर्ताओं और सुरक्षा बल के जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी। वर्षों तक कांग्रेस इस घटना पर राजनीति करती रही और न्याय की मांग करती रही, लेकिन आज उसी घटना से जुड़े कुख्यात नक्सली का महिमामंडन करना कांग्रेस की अवसरवादी राजनीति का प्रमाण है। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है। ऐसे समय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता द्वारा हिड़मा जैसे खूंखार नक्सली को रोल मॉडल बताना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान को कमजोर करने वाला संदेश भी देता है।



### शहीदों के परिजनों से माफी मांगे कांग्रेस

मंत्री ने कहा कि कांग्रेस को प्रदेश की जनता और झीरम के सभी शहीदों के परिजनों से माफी मांगनी चाहिए। साथ ही कांग्रेस नेतृत्व यह स्पष्ट करे कि क्या हिड़मा वास्तव में उसकी विचारधारा का आदर्श बन चुका है, या फिर अटल श्रीवास्तव के बयान से पार्टी स्वयं को अलग मानती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता शहीदों का सम्मान करना जानती है और नक्सल हिंसा का महिमामंडन करने वालों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। साय सरकार का संकल्प है नक्सलवाद का समूल उन्मूलन होगा, बस्तर में शांति और विकास की यात्रा निरंतर आगे बढ़ेगी तथा हर शहीद के बलिदान का सम्मान सदैव सर्वोपरि रहेगा।

**न्यायालय तहसीलदार फ्रेजरपुर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र./ 202607152500035/अ-21 (2)/2025-26
साकिन- नकटी सेमरा

**//उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राकेश बाजपेयी पिता स्व. आर.एस. बाजपेयी जाति ब्राम्हण निवासी मेनरोड, सदर वार्ड, जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. अपने स्वामित्व की ग्राम नकटी सेमरा प.ह.नं.- 08 रा.नि.मं.- फ्रेजरपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 17 रकबा 0.610 हे. में से रकबा 0.045 हे. या परिवर्तित क्षेत्रफल 4900 वर्गफुट रिक्त भूखण्ड को अपने व्यवसाय हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण क्रेता श्रीमती संगीता कारिया पति स्व. योगेन्द्र बी.कारिया जाति गुजराती निवासी न्यू नरेन्द्र टॉकिज के पीछे, प्रतापदेव वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के पक्ष में अंतरण किये जाने बाबत आवेदन मय दस्तावेज माननीय न्यायालय कलेक्टर बस्तर के समक्ष प्रस्तुत करने पर कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. से आवेदन मय दस्तावेजों की मूल प्रति इस न्यायालय को प्रकरण दर्ज कर जांच प्रतिवेदन प्रेषित किये जाने बाबत प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के आगामी पेशी तिथि 22-07-2026 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
फ्रेजरपुर-जिला बस्तर

**खबर संक्षेप**

## जनता बर्दाश्त नहीं करेगी नक्सलियों का गुणगान



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा नक्सली कमाण्डर हिड़मा का महिमामण्डन किए जाने का प्रतिकार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व से सवाल किया है कि क्या वह अपने विधायक के इस देशविरोधी बयान से सहमत हैं। यदि नहीं, तो कांग्रेस ने अब तक उन पर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की। छत्तीसगढ़ की जनता नक्सलियों को मसीहा बताने वाले इस कृत्य को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। बस्तर के जिन परिवारों ने नक्सली हिंसा में अपनों को खोया है, कांग्रेस विधायक का यह बयान उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।

## गुलाब की खुशबू से महकी किसान की किस्मत



**जगदलपुर।** पारंपरिक खेती से अलग हटकर अगर आधुनिक और वैज्ञानिक तौर-तरीकों को अपनाया जाए, तो कृषि क्षेत्र में कितनी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है, इसका जीता-जागता उदाहरण पेश किया है कालीपुर ग्राम के प्रगतिशील किसान विकास कुमार श्रीवास्तव ने। उन्होंने अपनी सूझबूझ और कड़ी मेहनत से गुलाब की खेती को मुनाफे का एक शानदार जरिया बना दिया है।
विकास कुमार श्रीवास्तव ने अपने 8000 वर्गमीटर के खेत में संरक्षित स्थिति में व्यावसायिक स्तर पर गुलाब की वैज्ञानिक खेती की शुरुआत की थी। सही समय पर सिंचाई, संतुलित पोषण प्रबंधन और उन्नत फसल संरक्षण उपायों के बदौलत उनकी फसल में रिकॉर्ड तोड़ उत्पादकता देखने को मिली, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने अपने खेत से लगभग एक लाख 60 हजार गुलाब के डंठलों का बंपर उत्पादन प्राप्त किया।
बाजार में इन गुलाबों की भारी मांग के चलते विकास कुमार को अपनी फसल का कुल बाजार मूल्य लगभग 8 लाख रुपए प्राप्त हुआ। यदि इस खेती के आर्थिक गणित को समझें, तो इसमें कुल 4 लाख 20 हजार रुपए की लागत आई थी, जिसे निकालने के बाद उन्हें 3 लाख 80 हजार रुपए का सीधा और शुद्ध मुनाफा हासिल हुआ। यह उपलब्धि साबित करती है कि कम क्षेत्र में भी आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर उद्यानीकी फसलों से अच्छी आय अर्जित की जा सकती है। गुलाब की इस सफल खेती ने न केवल विकास कुमार श्रीवास्तव को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि आज वे आस-पास के क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी एक बड़े प्रेरणास्त्रोत और रोल मॉडल बन चुके हैं।

## बैकलॉग भर्ती की सूची जारी

**जगदलपुर।** जिला पंचायत बस्तर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य आजीविका मिशन "बिहान" के अंतर्गत स्वीकृत बैकलॉग पदों की भर्ती प्रक्रिया के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रारंभिक जांच के बाद प्रावधानिक सूची जारी कर दी गई है। यह कार्रवाई विकास आयुक्त कार्यालय, विकास भवन नवा रायपुर के निर्देशों के अनुरूप की गई है। जारी सूची में विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक का 1 पद, क्षेत्रीय समन्वयक के 2 पद, लेखापाल का 1 पद तथा लेखा सह एमआईएस सहायक का 1 पद शामिल है। अभ्यर्थी सूची का अवलोकन जिला पंचायत बस्तर के सूचना पटल एवं जिला बस्तर की आधिकारिक वेबसाइट पर कर सकते हैं। जिला पंचायत कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र तथा अन्य जानकारी के संबंध में यदि किसी पक्ष को कोई आपत्ति हो, तो वह आवश्यक साक्ष्यों एवं प्रमाणों सहित अपना अभ्यावेदन 24 जुलाई तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में जिला पंचायत कार्यालय की आवक शाखा में प्रस्तुत कर सकता है।

# जर्जर भवन की जगह 11.69 लाख से तैयार हुई पिपलावंड मारीपारा की नई आदर्श आंगनबाड़ी

**ग्राम पंचायत पिपलावंड और जनपद पंचायत बस्तर के आपसी समन्वय की मिसाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर क्षेत्र में बनी ग्राम पंचायत पिपलावंड मारीपारा की नई आंगनबाड़ी इमारत ग्रामीण विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण की एक शानदार मिसाल है। यह परियोजना दर्शाती है कि कैसे बुनियादी ढांचे का सही नियोजन और मनरेगा के तहत किया गया कार्य प्रारंभिक बचपन की शिक्षा के लिए जीवंत, आकर्षक और सुरक्षित स्थान बना सकता है।

पूर्व में आंगनबाड़ी की स्थिति अत्यंत ही जर्जर थी जिसमे बच्चों को पढाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। ग्राम पंचायत के द्वारा नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति हेतु कार्यालय जनपद पंचायत बस्तर से समन्वय कर स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया तपश्चात विभागों से समन्वय कर वर्ष 2024-25 ग्राम पंचायत पिपलावंड में यह आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य की कुल प्रशासनिक स्वीकृति, 11.69 लाख रुपये की दी गई। जिसमे मनरेगा से 8 लाख रूपए, महिला एवं बाल विकास विभाग से 2 लाख रूपए एवं गौड़ खनिज से 1.69 लाख रूपए के बजट और इस महत्वपूर्ण सामुदायिक संपत्ति को साकार करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी।

### खेल-खेल में संवर रहा बचपन

आकर्षक और शिक्षाप्रद बाहरी परिसर है जिसकी पहली झलक ही बच्चों को प्रेरित करने के लिए काफी है। भवन का बाहरी हिस्सा साफ, रंगीन और शिक्षाप्रद तत्वों से जुड़ा हुआ है। हिंदी वर्णमाला (क, ख, ग) और अंग्रेजी अक्षरों (ए, बी,सी) को सीधे वास्तुशिल्प डिजाइन में उकेरा गया है, जो यह संदेश देता है कि यह सीखने और आगे बढ़ने का स्थान है। प्रेरक प्रांगण है, जहां सुंदर वॉल पेटिंग और मिति चित्रर्ग का उपयोग किया गया है। अल्फाबेट ट्री और खेलते-पढ़ते बच्चों के चित्र स्थानीय माताओं और बच्चों के लिए एक खुशनुमा और स्वागत योग्य माहौल बनाते हैं। यहाँ कुल 22 बच्चे पंजीकृत है जो प्रतिदिवस अपनी शिक्षा ग्रहण करते हैं।




### बच्चों की लंबाई मापने आकर्षक पेड़

मारीपारा आंगनबाड़ी का असली जादू इसके अंदरूनी हिस्से में है। बुनियादी ढांचे के विकास की निरंतर निगरानी और शिक्षापद भित्तिचित्र तथा इंटरैक्टिव शिक्षण सामग्री पर विशेष ध्यान देने से यह कमरा एक गतिशील कक्षा में बदल गया है। दीवारी का उपयोग बुनियादी शिक्षा के लिए बेहतरीन तरीके से किया गया है। सचित्र हिन्दी वर्णमाला और अंग्रेजी अल्फाबेट के विस्तृत चार्ट स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं, जो कम उम्र से ही बच्ची को अक्षरों का जान देते हैं। अन्य व्यावहारिक तत्वों में बच्चों की लंबाई मापने के लिए बनाया गया एक आकर्षक पेड़ और संख्यात्मक कौशल को मजबूत करने के लिए 1 से 100 तक की सीधी गिनती का चार्ट शामिल है।

बिलासपुर, उज्जैन, रीवा और कर्नाटक से पहुंचे 11 आचार्यों ने कराई प्राण प्रतिष्ठा

# मद्देड़ में हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा क्षेत्र, हुई प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़





बीजापुर जिले के मद्देड़ स्थित नव-निर्मित चंद्र मौलेश्वर महादेव मंदिर में सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपराओं के बीच संपन्न हो गया। पूरे सप्ताह मंदिर परिसर शिवमय वातावरण में डूबा रहा। प्रतिदिन रुद्राभिषेक, हवन, पूजन, धार्मिक अनुष्ठान और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। अंतिम दिन हवन की पूर्णाहुति के साथ महोत्सव का विधिवत समापन हुआ।

बिलासपुर, उज्जैन, रीवा और कर्नाटक से आए 11 आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा कराई। आचार्यों के मार्गदर्शन में सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

पूरे आयोजन में यजमान के रूप में कंदकोरी श्रीनु एवं प्रभा, दिनेश सोनी एवं कुसमा सोनी तथा हेमंत तिवारी एवं कृष्णा तिवारी पूजा-अर्चना में शामिल रहे। श्रद्धालुओं ने परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। 10 जुलाई को महाभंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं कन्याओं एवं महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा निकालकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

इस धार्मिक आयोजन में जगदलपुर, रायपुर, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र सहित विभिन्न स्थानों से शिवभक्त पहुंचे। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन-पूजन कर आयोजन की सराहना की।

### इनकी रही अहम भूमिका

आयोजन में करनम श्रीनिवास, एम. मिथलेश, हेमंत तिवारी, मंचरला शैलेष, के. धनंजय, आशीष भट्टड़, राहुल, एल्लल धनंजय,पी. सुशील,पी. सचिन, बी. सचिन तथा प्रसाद सहित अनेक श्रद्धालुओं ने जिम्मेदारियां निभाईं। वहीं एम. ज्योति, लवण्या, डोली सहित महिलाओं ने कलश यात्रा, पूजा व्यवस्था, प्रसाद वितरण एवं अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग दिया।

# दशकों बाद नेटवर्क मिलने से खिले ग्रामीणों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सर्वाधिक नक्सल प्रभावित दूरस्थ इलाकों में संचार क्रांति और सुरक्षा शिविरों की स्थापना से ग्रामीणों का जीवन तेजी से बदल रहा है। इस पहल के तहत नारायणपुर जिले के

- ढूटा गांव में नेटवर्क पहुंचने से बाहरी दुनिया से जुड़े ग्रामीण, घर बैठे अपनों से कर रहे बात

ढूटा गांव जैसे अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में मोबाइल टावर लगने से स्थानीय लोगों का बाहरी दुनिया से संपर्क जुड़ गया है, जिससे उनके चेहरे खिल उठे हैं। नेटवर्क नहीं होने के कारण ये क्षेत्र दशकों तक बाहरी दुनिया और सरकारी योजनाओं से कटे हुए थे, टावर लगने से अब ग्रामीण घर बैठे अपनों से बात कर पा रहे हैं। इससे छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई और युवाओं का कौशल विकास आसान हो गया है। इन क्षेत्रों में ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन बैंकिंग और डिजिटल भुगतान की सुविधा पहुँचने से बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो रही है। छात्रों के लिए ऑनलाइन शिक्षा और आपातकालीन स्थिति में 108 एंबुलेंस बुलाना बेहद आसान हो गया है।

### सुरक्षा तंत्र हो रहा मजबूत

बीएसएनएल के संभागीय अधिकारी प्रधान महाप्रबंधक शरतचन्द्र तिवारी ने बताया कि 4 जी सैचुरेशन परियोजना के तहत दो गांव में 4 जी मोबाइल सेवाएं शुरू की गई है, जिससे आसपास के सभी ग्रामीवासियों को अब मोबाइल से जुड़ रहे हैं। केंद्रीय संचार योजनाओं और स्थानीय पुलिस, सुरक्षा बलों के कैंपों के सहयोग से इन सुदूर गांवों में टावर स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे सुरक्षा तंत्र भी मजबूत हो रहा है।

धुरगुड़ा में हुआ उपभोक्ता साक्षरता शिविर

# मोबाइल के माध्यम से दर्ज करवा सकते हैं शिकायत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर के निर्देशानुसार बुधवार को जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर द्वारा ग्राम धुरगुड़ा में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला आयोग के सदस्य आलोक कुमार दुबे द्वारा उपभोक्ता को परिभाषित करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को प्रदान कर आयोग में लगने वाले न्याय शुल्क के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष सुजाता जसवाल ने उपभोक्ता कानून की जानकारी उपस्थित लोगों को प्रदान कर ई हियरिंग एवं ई-फाइलिंग के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि अब आमजन को उपभोक्ता कानून का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला आयोग की दूरी तय नहीं करना पड़ेगी और आप घर बैठे ही ई- जागृति पोर्टल द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। ऐसी स्थिति में आम उपभोक्ता बीमा, फसल बीमा, बैंकिंग सुविधा, कोचिंग संस्थान एवं निर्माण कार्य एजेंसियों के विरुद्ध आयोग के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। साइबर सेल की अफसाना और रानी सोनी ने साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए इससे बचाव के तरीके बताए। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच दुर्गा उद्दे, उप सरपंच मोहनमति नेताम, सचिव मन्नूलाल साहू, हेमंत देवांगन प्रशिक्षु उप निरीक्षक अफसाना, रानी सोनी, भूपेन्द्र पैकरा, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने, अजवन सिंह, सुशांति लकड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन तथा जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी अनंत वैद्य अभिषेक तिवारी, सुधीर गुप्ता, संतोष देवांगन, भुवनेश्वर ठाकुर एवं मिथिलेश कुशवाहा शामिल रहे।



## 10 शिक्षकों को मिला पोस्ट ऑफ द मंथ सम्मान

**जगदलपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयोगों और स्कूलों की प्रेरक कहानियों को दुनिया के सामने लाने वाले बस्तर जिले के 10 शिक्षकों को मंगलवार को एक विशेष समारोह में पोस्ट ऑफ द मंथ सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा एवं सहायक कलेक्टर के हाथों प्रदान किया गया। इन शिक्षकों को यह पुरस्कार उनके विद्यालयों में किए जा रहे उत्कृष्ट नवाचारों, रचनात्मक कार्यों और प्रेरणादायक गतिविधियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए दिया गया है।
कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक अशोक पाण्डेय, विनोबा टीम से हेमंत चंद्रा और कुलदीप कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस गरिमामयी अवसर पर सभी सम्मानित शिक्षकों को प्रमाण-पत्र सौंपे गए और अधिकारियों ने उनके उत्कृष्ट प्रयासों की खुलकर सराहना की।

# सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण नक्सलवाद बैकफुट पर : महेश कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सांसद महेश कश्यप ने नक्सलवाद खात्मा और हिंसा से मुक्ति दिलाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को मिली सफलतायें इस बात का प्रमाण हैं कि अब माओवादी आतंक इतिहास में चला गया है। दशकों तक छत्तीसगढ़ के बस्तर और अन्य आदिवासी अंचल वामपंथी उग्रवाद की आग में झुलसते रहे। उन्होंने कहा पूर्ववर्ती सरकारों की लचर नीतियों के कारण आदिवासियों और आम जनता को केवल भय और हिंसा मिली। लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जीरो टॉलरेंस की नीति और मार्गदर्शन के कारण नक्सलवाद बैकफुट पर है।

सांसद ने साथ सरकार की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में राज्य पुलिस और केंद्रीय सुरक्षाबलों के बीच समन्वय देखने को मिला। सरकार ने न केवल मोर्चे पर लड़ाई लड़ी है, बल्कि अंदरूनी इलाकों में नियद नेल्लानार जैसी योजनाओं के जरिए विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है। जहाँ कभी बारूद की गंध होती थी, वहाँ आज सड़कें, स्कूल, अस्पताल और बिजली पहुँच रही है। सांसद ने कहा कि उपमुख्यमंत्री स्वयं जवानों का हौसला बढ़ा रहे हैं और स्थानीय युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रयास कर रहे हैं। आज बस्तर का आम नागरिक बिना किसी डर के साँस ले रहा है, जो कि इस सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# सामान मांगने पर चाकू से कर दिया जानलेवा हमला, युवक गंभीर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के महारानी वार्ड में सोमवार रात युवक पर चाकू

- हमले के बाद फरार हुआ आदतन आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी द्वारा प्रार्थी का दिया अपना ही सामान मांगने पर गाली गलौच करते हुए हमला किया गया था। इस हमले में घायल युवक का





अस्पताल में उपचार जारी है।

घटना के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ सिन्हा के निर्देश, एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन, सीएसपी सुमित कुमार धोत्रे के पर्यवेक्षण व नगर निरीक्षक लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी ने बताया कि महारानी वार्ड निवासी आरोपी देव कुंडियम 18 वर्ष 2 माह ने उनका दिया हुआ मोबाइल चार्जर और माइक वापस मांगने पर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हत्या करने की नियत से अपने पास रखे धारदार चाकू से पेट के बाये हिस्से में मारकर घायल कर दिया। हादसे में गंभीर प्रार्थी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। टीम द्वारा पतासाजी कर आरोपी को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त धारदार चाकू को जब्त कर कब्जा में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### इन मामलों में हो चुका है गिरफ्तार

टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि आरोपी आदतन बदमाश देव कुड़ियाम उर्फ कोदू को पूर्व में गृह अतिचार, घर में आग लगा देना, चोरी आदि मामले में भी संप्रेक्षण गृह भेजा जा चुका है। आरोपी की गिरफ्तार कर जेल भेजने में टीआई के अलावा एसआई प्रमोद ठाकुर, अरुण मरकाम, पीएसआई भूपेंद्र पैकरा, रानी सोनी, अफसाना, एएसआई भुवनेश्वर पांडे, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने, आरक्षक रंगलाल खरे, केशव चंद्रा, बलराम व महिला आरक्षक रीना अनंत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**वाहनों का लगा रहता हैं आना-जाना, फारेस्ट व निगम का ध्यान नहीं**

# शहर में मौत बनकर खड़े हैं 1000 से ज्यादा सूखे पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में 1000 से ज्यादा पेड़ खतरनाक माने जा सकते हैं। यदि अब भी ध्यान नहीं दिया गया तो इनकी संख्या तेजी से बढ़ेगी। कुछ पेड़ के तो तने देखकर ही उनके सूख जाने का अंदाजा लगाया जा सकता है। दरअसल इसकी वजह इन पेड़ों को जमीन से आपूर्ति बंद हो जाना है, जब लगातार पेड़ों को जरूरी पोषक तत्व नहीं मिलते तो उनका तना खोखला होने लगता है। नागरिकों ने फॉरेस्ट्री के हिसाब से शहर के पुराने और जर्जर पेड़ों का सर्वे करके उन्हें हटा कर नए पेड़ रोपने का एक वर्किंग प्लान बनाने की जरूरत है। शहर की



सड़कों के किनारे खड़े कई पेड़ सूख गए हैं। इससे हर वक्त दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसके आसपास से गुजरने वाले लोग दुर्घटना को लेकर डरे रहते हैं, विशेषकर तब जब तेज हवा चल रही हो। निगम एवं वन विभाग इन सूखे पेड़ों को जल्द से जल्द काटने पर गंभीरता नहीं दिखा रहा है। गर्मी में आंधी-तूफान आने की संभावना अधिक रहती है, ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। एसबीआई चौक के पास कृषि कार्यालय, लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग एवं बस्तर विधानसभा के विधायक के शासकीय आवास के पास सूखे पेड़ से हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। साथ ही इस सड़क में लगभग चौबीसों घंटे दुपहिया वाहनों से लेकर चार चक्के वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसी स्थिति में पूरी तरह से सूख चुके इस वृक्ष से गिरने से भारी नुकसान होने की संभावना है। इसी तरह लालबाग, जिला सहकारी बैंक के सामने, कुम्हारपारा, नयापारा, धरमपुरा क्षेत्र सूखे पेड़ों की कटाई नहीं की जा रही है।

### 2 माह पूर्व दिया था आवेदन

कृषि कार्यालय के कर्मचारियों ने बताया कि कार्यालय के सामने स्थित सूखा पेड़ को काटने के लिए वन विभाग को दो माह पूर्व आवेदन दिया था, लेकिन अब तक सूखा पेड़ की कटाई करने से लोग दहशत में हैं। हाल ही में इस पेड़ की डगाल टूटने से कुछ कर्मचारियों के घायल होने की संभावना रही, लेकिन बच गए।

### शासकीय फंड नहीं

वन विभाग जगदलपुर के परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा ने इस संबंध में बताया कि शहर में सूखे पेड़ों की कटाई के लिए विभाग के पास शासकीय फंड नहीं होने के चलते आवेदन होने के बाद भी कटाई नहीं कर पा रहे है। इस पर निगम की जिम्मेदारी है।

